राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

प्रेस–नोट

दिनांकः–16.11.2026

ऑनलाईन विस्तृत आवेदन पत्र भरने के संबंध में

माध्यमिक शिक्षा विभाग हेतु वरिष्ठ अध्यापक प्रतियोगी परीक्षा, 2025 के अंतर्गत **सामाजिक विज्ञान एवं हिन्दी विषय** हेतु आयोग द्वारा जारी विचारित सूचियों में सम्मिलित अभ्यर्थियों की पात्रता जाँच हेतु ऑनलाइन विस्तृत आवेदन पत्र भरे जाने की अवधि का विवरण निम्नानुसार है–

क्र. सं.	विषय	विचारित सूची जारी होने की दिनांक	विस्तृत आवेदन पत्र भरने की अवधि दिनांक
01	सामाजिक विज्ञान	09.10.2026	15.10.2026 से 21.10.2026 एवं 30.10.2026 से 03.11.2026
02	हिन्दी	13.10.2026	17.10.2026 से 23.10.2026 एवं 30.10.2026 से 03.11.2026

उक्त 02 विषयों में सामाजिक विज्ञान के 17 एवं हिन्दी के 55 अभ्यर्थियों द्वारा उक्त अवधि के दौरान अपना ऑनलाइन विस्तृत आवेदन पत्र भरकर आयोग को प्रस्तुत नहीं किया गया हैं जिसके अभाव में ऐसे अभ्यर्थियों की पात्रता जांच किया जाना संभव नहीं है। आयोग द्वारा इस प्रेस नोट के माध्यम से ऐसे अभ्यर्थियों को अपना ऑनलाइन विस्तृत आवेदन पत्र भरने हेतु अंतिम अवसर प्रदान करते हुए सूचित किया जाता है कि वे **अपना ऑनलाइन विस्तृत आवेदन पत्र दिनांक 19.11.2026 से 23.11.2026 (रात्रि 11:59) तक भरकर आयोग को आवश्यक रूप से प्रस्तुत करें।**

अतः उक्तानुसार अभ्यर्थी अपना ऑनलाइन विस्तृत आवेदन पत्र समयान्तर्गत भरना सुनिश्चित करें अन्यथा ऑनलाइन विस्तृत आवेदन पत्र भरने का कोई अवसर प्रदान नहीं किया जायेगा तथा ना ही ऐसे अभ्यर्थियों को चयन प्रक्रिया में विचारित किया जायेगा। उक्त अभ्यर्थियों को इस संबंध में उनके मोबाइल नं. पर जरिये एस.एम.एस सूचित किया जा रहा है।

(आशुतोष गुप्ता)
सचिव